
Te Tari Taiwhenua
Internal Affairs

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

# Pokies (जुए की मशीनें) जुए की मशीन से होने वाले नुकसान को कम करना

## सार्वजनिक चर्चा दस्तावेज़

## सारांश



Hindi

सरकार यह जानना चाहती है कि आपके विचार में पोकी मशीनों पर जुआ खेलने वाले लोगों को हम कैसे सुरक्षित रख सकते हैं।

हम उन अधिनियमों (नियमों) में बदलाव करने पर विचार कर रहे हैं जो क्लबों, पबों और TAB NZ (टीएबी एनजेड) दुकानों या बिक्री केन्द्रों में पोकीज़ के लिए नुकसान की रोकथाम करते और उसे न्यूनतम बनाते हैं।

## समस्या क्या है?

Pokies (जुए की मशीनें) पर जुआ खेलना कुछ लोगों के लिए – आर्थिक, सामाजिक और अन्य तरीकों से नुकसान का एक स्रोत है। वर्तमान नियम इस नुकसान को रोकने और कम करने में अधिक प्रभावी हो सकते हैं। समय के साथ यह सामने आया है कि इसमें कुछ कमियां हैं और कुछ नियम अस्पष्ट हैं।

उदाहरण के लिए, नुकसान के संकेत जो किसी की एक हानिकारक जुआरी के रूप में पहचान करने में मदद के लिए दर्ज किए जाने चाहिए, वे निर्दिष्ट नहीं हैं। जुआ खेलने की निगरानी करने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण असंगत है। नियम तोड़ने पर दंड की भी कमी है।

इसका मतलब है कि कुछ लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है जिसे रोका जा सकता है।

## इस सब के बारे में सरकार का क्या विचार है?

सरकार इस बात पर विचार करती है कि पोकी [मशीनों] को संचालित किए जा सकने के बारे में इसके नियमों को मजबूत करने के अवसर हैं। उदाहरण के लिए, जुआ मेजबान जिम्मेदारी नियम, ज्यादातर शराब मेजबान जिम्मेदारी नियमों की तरह दिख सकते हैं।

ऐसे उपकरण या लीवर हैं जो नशे की लत के पहलुओं और / या पोकी पर खर्च किए गए समय और धन की मात्रा को सीमित करके जुए को सुरक्षित बना सकते हैं। कुछ उदाहरणों में शामिल हैं: जुए पर खर्च की जाने वाली राशि पर प्रतिबंध निर्धारित करना या लगाए जाने वाले पैसों अथवा समय को सीमित करना और खेल के समय में ब्रेक (विराम) लागू करना।

यह संभावना नहीं है कि कोई भी उपकरण अपने आप में प्रभावी होगा। जब आप कार चलाते हैं, तो आपको एक सीटबेल्ट पहननी चाहिए, फिटनेस का वारंट होना चाहिए, और स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए गति सीमा के तहत गाड़ी चलानी चाहिए। Pokies को सुरक्षित बनाने के लिए उपकरणों पर भी इसी तरह से विचार किया जा सकता है।

## हमारे वे विचार जिन पर हम आपकी प्रतिक्रिया चाहते हैं

सरकार के पास इस बारे में कुछ विचार हैं कि नुकसान को कम करने के विनियमों में शामिल आवश्यकताओं को बदलने से पब, क्लबों और TAB आउटलेट्स (टीएबी की दुकानों) में पोकी से होने वाले नुकसान को कम करने में कैसे मदद की जा सकती है। यह परामर्श इस बारे में आपके विचारों की मांग करता है। हमारी रुचि आपके अन्य विचारों को जानने के बारे में भी है। फोकस के तीन क्षेत्र हैं।

### 1. Pokies की जगहों में नुकसान को कम करना

सरकार का मानना है कि जुए के नुकसान की बेहतर पहचान की जा सकती है और इस पर कार्रवाई की जा सकती है। आँकड़ों से पता चलता है कि यह बहुत ही कम देखने को मिलता है कि पब या क्लब के कर्मचारी इस बारे में लोगों से बात करें कि वे पोकीज़ पर कितना जुआ खेल रहे हैं। पब और क्लबों में पोकीज़ की निगरानी करने वाले कर्मचारियों के लिए नुकसान के संकेतों की पहचान करना और उनका जवाब देना आसान बनाने के लिए स्पष्ट दिशा की आवश्यकता हो सकती है।

मुख्य प्रश्न हैं:

- पहचान करने में कौन से उपकरण कर्मचारियों की मदद कर सकते हैं और फिर क्या वे जानते हैं कि जब एक जुआ खेलने वाले ग्राहक का जुआ हानिकारक हो जाए तो क्या किया जाए?
- रिकॉर्ड रखने में कैसे सुधार किया जा सकता है ताकि हानिकारक जुए को ट्रैक किया जा सके (पता लगाया जा सके) और पहचान की जा सके?
- पोकी की निगरानी करने वाले कर्मचारियों के लिए ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) में सुधार और वृद्धि कैसे की जा सकती है?
- बहिष्कार और आत्म-बहिष्कार का उपयोग अधिक प्रभावी ढंग से कैसे किया जा सकता है?

### 2. पोकी मशीनों के नुकसान को कम करना

पोकी मशीनों पर कुछ जानकारी और सुविधाओं को प्रदर्शित किया जाना चाहिए, जैसे कि गेम जीतने की संभावना या कोई कितनी देर से जुआ खेल रहा है। रोशनी, ध्वनियां और 'मुफ्त स्पिन' प्रभावित कर सकते हैं कि लोग जुआ खेलने में कितना समय बिताते हैं और वे प्रत्येक खेल पर कितना पैसा दांव पर लगाते हैं। ऐसी चिंता है कि जैकपॉट हानिकारक जुए को प्रोत्साहित करते हैं। इन विशेषताओं का विनियमन जुए के नुकसान को रोकने और कम करने में मदद कर सकता है।

मुख्य प्रश्न हैं:

- क्या पोकी मशीनों की विशेषताओं में परिवर्तन हानिकारक जुए को कम करने में मदद कर सकता है? कौन से बदलाव सबसे प्रभावी होंगे?
- जैकपॉट से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए क्या बदलाव किए जा सकते हैं?

### 3. मजबूत अनुपालन (दंड और प्रवर्तन) के माध्यम से pokies के नुकसान को कम करना

फिलहाल, जुआ अधिनियम में अपराधों का केवल एक छोटा सा अनुपात नुकसान को कम करने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करने के लिए है।

ऑपरेटरों को जवाबदेह ठहराने के लिए नए उल्लंघन अपराधों को पेश करने का अवसर है।

- कौन से उल्लंघन अपराध और दंड, नए एवं मौजूदा नियमों का समर्थन कर सकते हैं?
- स्थल प्रबंधकों / स्थल ऑपरेटरों / समाजों को किस लिए जवाबदेह होना चाहिए?

## इस प्रोजैक्ट (परियोजना) का दायरा

यह परामर्श उन अधिनियमों (नियमों) में बदलाव करने के बारे में है जो क्लबों, पबों और TAB NZ (टीएबी एनजेड) दुकानों या बिक्री केन्द्रों में पोकीज़ से होने वाले नुकसान की रोकथाम करते और उसे न्यूनतम बनाते हैं। इस बात पर विचार करने से पहले कि क्या जुआ कानून में किसी भी अधिक व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है, सरकार पहले इन विनियमों में परिवर्तन करने पर विचार कर रही है।

## आपके सबमिशन्स (प्रस्तुतियों) का कैसे उपयोग किया जाएगा?

आपके विचार हमें नीति परिवर्तन के लिए विकल्प विकसित करने में मदद करेंगे। सरकार इस प्रक्रिया के माध्यम से की गई सभी प्रस्तुतियों पर विचार करेगी। उसके बाद, पोकीज़ के लिए नए नियमों का विकास किया जा सकता है।

## क्या हम आपके सबमिशन प्रकाशित करेंगे?

आमतौर पर सभी प्रस्तुतियां डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनल अफेयर्स (आंतरिक मामलों का विभाग) की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती हैं। प्रस्तुतियां ऑफिशियल इन्फोर्मेशन एक्ट (आधिकारिक सूचना अधिनियम) 1982 के तहत किए गए अनुरोध के अधीन भी हो सकती हैं।

यदि आपके सबमिशन में व्यक्तिगत या व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी है जिसे आप जारी नहीं करना चाहते हैं, तो कृपया इसे अपने सबमिशन में स्पष्ट करें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया पूर्ण चर्चा दस्तावेज़ के पृष्ठ 30 को देखें।

**मुद्दों और विकल्पों पर अधिक विवरण चाहिए?**

आप पूर्ण परामर्श दस्तावेज़ : dia.govt.nz/reducingpokiesharm पर ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

आप फ्री फ़ोन 0800 25 78 87 पर हमसे संपर्क करके एक पेपर कॉपी का अनुरोध कर सकते हैं (केवल न्यूज़ीलैंड में) और गैंबलिंग पॉलिसी टीम (जुआ नीति टीम) से बात करने की मांग करें (केवल सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक)।

**हमारी वेबसाइट पर जाएं**

www.dia.govt.nz/Gambling

**हमें अपना सबमिशन निम्न पर भेजें**

Gambling Policy Team
Department of Internal Affairs
PO Box 805
Wellington 6140

**सबमिशन्स (प्रस्तुतियों) के लिए अंतिम तिथि: 28 अप्रैल 2022**

